मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 29/10/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति -- 558/2025
29 अक्टूबर 2025
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची
==========================
मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से लुगू बुरु घांटा बाड़ी धोरोम गाढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात।
==========================

★ "अन्तर्राष्ट्रीय सरना धर्म महासम्मेलन-2025" कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने हेतु मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन हुए सादर आमंत्रित।
==========================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में लुगू बुरु घांटा बाड़ी धोरोम गाढ़ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। मौके पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने अवगत कराया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोहराय कुनामी (कार्तिक पुर्णीमा) के शुभ अवसर पर लुगू बुरु घांटा बाड़ी धोरोम गाढ़, टी०टी०पी०एस० ललपनिया बोकारो में आगामी 03, 04 एवं 05 नवम्बर 2025 को "अन्तर्राष्ट्रीय सरना धर्म महासम्मेलन-2025" कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मौके पर प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्यों ने मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन को इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया।

इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में लुगू बुरु घांटा बाड़ी धोरोम गाढ़ के अध्यक्ष श्री बबुली सोरेन, सचिव श्री लोबिन मुर्मू सहित मिथिलेश किस्कू, श्री बिंदे सोरेन (मांझी बाबा, जमशेदपुर), श्री सुरेन्द्र टुडू, श्री बुधन सोरेन, श्री सुखराम बेसरा, श्री मेघराज मुर्मू, श्री संतोष हेंब्रम एवं अन्य उपस्थित रहे।

==========================

#Team PRD(CMO)